# आरोग्य पथ
## मासिक ई-पत्रिका

वर्ष-2, अंक-09 सितम्बर, 2023


## हमारा भारत

विष्णु पुराण का श्लोक है,

**उत्तरं यत्समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम् ।।**
**वर्षं तद्‌भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः''**

अर्थातः जो समुद्र के उत्तर में और हिमालय के दक्षिण में स्थित है वो ''भारतवष'' है, और उसमें भरत की संतानें बसी हुई हैं।

हमारा भारत हमारा गर्व है, जिसकी विरासत, सभ्यता एवं संस्कृति सम्पूर्ण जगत कि मार्गदर्शिका है। प्राचीन काल से ही भारत विभिन्न प्रकार कि विविधताओं, कलाओ, भाषाओं आदि से परिपूर्ण है। भारत भूमि के प्रत्येक कण-कण में अनेक महापुरुषों का संघर्ष व्याप्त है। भारत को सिर्फ 'भारत' ही नहीं, अपितु विभिन्न अन्य नाम जैसे- जम्बूद्वीप, भारतखंड, हिमवर्ष, सिंध, आर्यावर्त, हिंद, हिंदुस्तान, भारतवर्ष, इंडिया से भी जाना जाता हैं। प्रत्येक नाम का अपना अलग-अलग अभिप्राय है, इन सभी नाम में 'भारत' सबसे ज्यादा लोकमान्य एवं प्रचलित रहा है

भारत दो शब्दों भा+रत से मिलकर बना है, जिसमें ''भा'' का अर्थ है- आभा और प्रकाश, और ''रत'' का अर्थ है।संलग्न अर्थात जो देश प्रकाश, ज्ञान और आनंद की साधना में संलग्न रहा है, उसी का नाम है भारत। अन्य शब्दों में भारत का पर्याय है, सबका भरण-पोषण करने वाला, जिसके अंदर पूरे विश्व के कल्याण की भावना निहित हो, वह ''भरत'' यानी 'भारत' है। भारत को ''भारत'' नाम मिलने की एक अन्य सबसे लोकप्रिय और प्रचलित कहानी है भरत से जुड़ी हुई है जो हस्तिनापुर के महाराजा दुष्यंत और शकुंतला के पुत्र थे, आगे चलकर भरत एक चक्रवर्ती सम्राट भी हुए जिन्हें चारों दिशाओं की भूमि का स्वामी कहा जाता था।सम्राट भरत के नाम पर ही देश का नाम 'भारतवर्ष' पड़ा। भारत उस देश का नाम है, जो अपने में एक विशिष्ट आध्यात्मिक संस्कृति को संजोए हुए हैं ।भारत विश्वगुरु है, जिसने ने बहुत पहले यह उदघोष किया-

**असतो माँ सदगमय,**
**तमसो माँ ज्योतिर्गमय**
**मृत्योर्मा अमृतं गमय ।।**

अर्थात असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर और मृत्यु से अमरत्व की ओर बढ़ना।

भारत ने इसी को जीवन का मूलमंत्र माना है और विश्व को भी उसने यह सन्देश दिया ।भारत वर्ष का इतिहास उसकी महानता की गहराईयों में बसा है, यह आदिकाल से ही धार्मिक और आध्यात्मिक ज्ञान का केंद्र रहा है। वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, पुराण, पौराणिक कथा आदि में रचित काव्य भारत भूमि की गरिमा का वर्णन करते हैं। भारत को विभिन्न संस्कृतियों का सृजनकर्ता एवं जननी भी माना जाता है। जीने की कला हो, विज्ञान हो या राजनीति का क्षेत्र हो सभी में भारतीय संस्कृति का सदैव विशेष एवं सर्वोपरि स्थान रहा है। भारत की संस्कृति व सभ्यता आदिकाल से ही अपने परंपरागत अस्तित्व के साथ अजर-अमर बनी हुई है। भारत आज जिस शिखर पर खड़ा है, उसमें हमारे देश के गौरव, हमारे पूज्यनीय महापुरुषों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारत में जीवन के भारतीय दर्शन का अनुसरण किया जाता है, जो सनातन धर्म कहलाता है और यही विविधता में एकता को बनाए रखने में अक्षुण्ण है।

भारत हमारी भूमि है, हमारा गर्व है, हमारी माँ है, हमारा अस्तित्व है, हमारी पहचान है ।

जय हिन्द, जय भारत।।
- सम्पादक

## विश्वविद्यालय एक नजर में...

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में उच्च, विशिष्ट व रोजगारपरक शिक्षा को नई राह दिखाई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में रोजगारपरक शिक्षा के पाठ्यक्रमों को शुरु कर अल्प समय में ही इस विश्वविद्यालय ने अपनी अलग पहचान कायम की है। मात्र दो साल में बीएएमएस समेत 21 रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की शुरुआत, शोध-अनुसंधान के लिए कई प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ एमओयू कर इस विश्वविद्यालय ने गोरखपुर को ज्ञान की नगरी बनाने की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

28 अगस्त 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हाथों लोकार्पित महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय दो साल में ही शिक्षा के विशिष्ट व प्रमुख केंद्र के रूप में विख्यात हो चुका है। यहां भारतीय ज्ञान मूल्यों का संरक्षण व संवर्धन, वर्तमान और भावी समय को ध्यान में रखकर अनुसंधानिक तरीके से किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में यहां पाठ्यक्रम ऐसे हैं जो समाज के लिए लाभकारी, विद्यार्थी के लिए सहज रोजगारदायी हैं। इस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ की मंशा 2032 तक गोरखपुर को 'नॉलेज सिटी' के रूप में ख्यातिलब्ध कराने की है। उल्लेखनीय है कि 10 दिसम्बर 2018 को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह में आए तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने परिषद के शताब्दी वर्ष 2032 तक गोरखपुर को नॉलेज सिटी बनाने का आह्वान किया था।

इस विश्वविद्यालय की नींव में युग पुरुष ब्रह्लीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज व राष्ट्रसंत ब्रह्लीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के विचार हैं, जिनका मानना था कि दासता से मुक्ति, स्वावलंबन व सामाजिक विकास के लिए शिक्षा ही सबसे सशक्त माध्यम है। वर्तमान गोरक्षपीठाधीश्वर एवं कुलाधिपति योगी आदित्यनाथ इसी वैचारिक परंपरा के संवाहक हैं। उनके मार्गदर्शन में इस विश्वविद्यालय का लक्ष्य भारतीय ज्ञान मनीषा के आलोक में मूल्य संवर्धित, रोजगारपरक उस शिक्षा को बढ़ावा देना है जो समग्र रूप में सामाजिक व राष्ट्रीय हितों का पोषण कर सकें। इसी लक्ष्य की दिशा में कदम बढ़ाते हुए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में बीएएमएस की पढ़ाई का सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है।आने वाले समय में एमबीबीएस की कक्षाएं भी प्रारंभ करने की भी तैयारी है। अकेले गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में 11 रोजगारदायी पाठ्यक्रम पूर्ण क्षमता से संचालित हैं। विश्वविद्यालय में मेडिकल साइंस, नर्सिंग, पैरामेडिकल, एग्रीकल्चर, एलायड हेल्थ साइंसेज और फार्मेसी से संबंधित डिप्लोमा से लेकर मास्टर तक के 21 पाठ्यक्रम हैं। मसलन दो वर्षीय एएनएम, तीन वर्षीय जीएनएम, चार वर्षीय बीएससी नर्सिंग, दो वर्षीय पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, दो वर्षीय एमएससी नर्सिंग, डिप्लोमा इन डायलिसिस, डिप्लोमा इन आप्टिमेट्री, डिप्लोमा इन इमरजेंसी एंड ट्रामा केयर, डिप्लोमा इन एनेस्थिसिया एंड क्रिटिकल केयर, डिप्लोमा इन आर्थोपेडिक एंड प्लास्टर टेक्निशियन, डिप्लोमा इन लैब टेक्निशियन (सभी दो वर्षीय) चार वर्षीय बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी ऑनर्स बॉयोटेक्नालोजी, बीएससी आनर्स बॉयोकेमिस्ट्री, बीएससी आनर्स माइक्रोबॉयोलोजी, दो वर्षीय एमएससी बॉयोटेक्नालोजी, तीन वर्षीय एमएससी मेडिकल बॉयोकेमिस्ट्री, तीन वर्षीय एमएससी मेडिकल माइक्रोबॉयोलोजी, दो वर्षीय एमएससी एनवायरमेंटल साइंस, चार वर्षीय बी फार्मा व दो वर्षीय डी फार्मा। वर्तमान दौर में ये सभी पाठ्यक्रम रोजगारपरक हैं और उनकी बहुत मांग है। आने वाले समय में इस तरह के अन्य पाठ्यक्रमों की लंबी श्रृंखला दिखेगी।


**प्रकाशक : महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर**
आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर, 273007

## संस्कृत सप्ताह

## गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस



प्रतियोगिता में बनाए गए पोस्टर की प्रस्तुति करते विद्यार्थी।

दिनांकः 01 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) में संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम के तृतीय दिवस पर आयुर्वेद कॉलेज में 'संस्कृतं सर्वत्र संस्कृतं सर्वेषां' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीएएमएस प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए पोस्टर के माध्यम से संस्कृत के प्रति अपने विचार व्यक्त किया।

कार्यक्रम संयोजक आचार्य साध्वी नंदन पाण्डेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा का समावेश भारत के सभी भाषाओं में है। आज भी भारत उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक सांस्कृतिक रूप से एक है इसके पीछे संस्कृत भाषा का ही योगदान है और सभी विषयों के ज्ञान के स्रोत संस्कृत भाषा में लिखे ग्रंथों से प्राप्त होते हैं। अतः संस्कृत भाषा कोजाति–मजहब से ऊपर उठकर सभी को अपनाना चाहिए।

प्रतियोगिता में आयुर्वेद कॉलेज के डॉ. शान्तिभूषण,आचार्य साध्वी नंदन पाण्डेय सहित बीएएमएस प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## संस्कृत सप्ताह

## गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस

दिनांकः 02 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) में संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्कृत गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें बीएएमएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें निर्णायक समिति द्वारा एकल गीत प्रतियोगिता में अभिनव तिवारी और कोमल गुप्ता को प्रथम स्थान, अमृतांजलि को द्वितीय स्थान तथा आभांसु को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक समिति के पक्ष से डॉ. अनामिका ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पारम्परिक रूप से संस्कृत छात्र न होते हुए भी बीएएमएस के विद्यार्थियों का संस्कृत गीत प्रतियोगिता में बहुत ही श्रेष्ठ प्रदर्शन रहा।

अध्यक्षीय भाषण देते हुए आयुर्वेद कॉलेज के अकादमिक प्रमुख डॉ. नवीन के. ने विद्यार्थियों के उत्साह को देखते हुए हर्षित होकर स्वयं भी एक संस्कृत गीत गाया और विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा आयुर्वेद की भाषा संस्कृत है। आप सभी को संस्कृत को उत्साह पूर्वक सीखना चाहिए तभी आप एक श्रेष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक बन पायेंगे। इस तरह के कार्यक्रम से विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति रूचि जागृति होती है। संस्कृत सप्ताह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में संस्कृत के प्रति उत्साह दिख रहा है और वे इसे खेल–खेल में गीत, संगीत, संहिता परायण, संस्कृत सम्भाषण और संस्कृत नाट्य मंचनों के द्वारा संस्कृत भाषा को जान रहे है।



संस्कृत सप्ताह में गीत प्रस्तुत करती बीएएमएस की छात्रा।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्राध्यापकों और विद्यार्थियों के प्रति आचार्य साध्वी नन्दन पाण्डेय ने आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन बीएएमएस छात्रा कोमल गुप्ता ने किया। इस कार्यक्रम में शैक्षणिक प्रमुख डॉ. नवीन, डॉ. दिपू मनोहर, डॉ. जशाबन्त डनसना और बीएएमएस प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## जनरल बॉडी मीटिंग

## गुरू गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग

दिनांकः 02 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में जनरल बॉडी मीटिंग आयोजित किया गया। जिसमें सभी कोर्सेस (बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, एएनएम तथा पोस्ट बीएससी नर्सिंग) की छात्राएं उपस्थित रहीं। जनरल बॉडी मीटिंग के दौरान सभी छात्राओं ने प्राचार्या डॉ. डी. एस. अजीथा के सम्मुख अपनी समस्याएं रखी तथा प्राचार्या ने सभी विद्यार्थियों के समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। छात्राओं को 75 प्रतिशत उपस्थिति और विषयों से सम्बन्धित शैक्षणिक क्रियाओं को समय पर पूरा करने का सुझाव दिया। यह कार्यक्रम प्राचार्या डॉ. डी. एस. अजीथा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सभी प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहें।

## सिमुलेशन लैब पूजा

## गुरू गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग



सिमुलेशन लैब हेतु पूजा में माननीय कुलपति व अन्य।

दिनांकः 02 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सिमुलेशन लैब का उद्‌घाटन कार्यक्रम महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेयी, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव एवं गुरू गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन. एस. की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम प्राचार्या डॉ. डी. एस. अजीथा जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी तथा प्राध्यापक भी उपस्थित रहें।

## एमओयू समझौता

## गुरू गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग




समझौता करार करते हुए विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, कुलसचिव व तीनों कम्पनियों के पदाधिकारीगण।

दिनांकः 02 सितम्बर, 2023 को गुरू गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अध्ययनरत छात्राओं के समयानुकूल नर्सिंग कौशल में अभिवृद्धि करने के उद्देश्य से महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम गोरखपुर ने मेडिकल एजुकेशन के क्षेत्र में कार्यरत तीन प्रतिष्ठित कम्पनियों के साथ शनिवार को संयुक्त रूप से कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी एमओयू (समझौता करार) किया। इस एमओयू के होने से अब गुरू गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में छात्राओं को सिमुलेशन लैब (अनुरूपण प्रयोगशाला) के जरिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से नर्सिंग प्रशिक्षण की अत्याधुनिक सुविधा मिलेगी।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय से एमओयू करने वाली तीनों कम्पनियां एडिशन इक्विपमेंट कम्पनी नई दिल्ली, मेडिसिस एजटेक प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद तेलंगाना व लैर्डल इंण्डिया प्राइवेट लिमिटेड मुंबई संयुक्त रूप से नर्सिंग कॉउंसिल ऑफ इण्डिया के दिशा–निर्देश के अनुरूप मेडिकल एजुकेशनल के क्षेत्र में विविध टीचिंग एण्ड सेल्फ लर्निंग ई–रिसोर्स तथा सिमुलेशन लैब व स्किल (कौशल) लैब विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है।

एमओयू के अनुसार उक्त तीनों कम्पनियां साझा रूप से नर्सिंग कौशल के लिए संसाधन व प्रशिक्षण की व्यवस्था करेंगी। साथ ही उनके द्वारा नर्सिंग शिक्षा के लिए डिजिटल ई–प्लेटफार्म उपलब्ध कराएंगी। ये सभी कार्य उक्त तीनों कम्पनियों की सीएसआर पॉलिसी के अंतर्गत किए जाएंगे। उल्लेखनीय है गोरखपुर में एम्स, बीआरडी मेडिकल कॉलेज और गुरू श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सिमिलेशन लैब की स्थापना होनी है।

एमओयू पर हस्ताक्षर होने के अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेयी, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, गुरू गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. डी. एस. अजीथा, एडिशन इक्विपमेंट कम्पनी नई दिल्ली के डायरेक्टर कम्पनी नई दिल्ली के डायरेक्टर (सेल्स) सरबजीत सिंह बेदी व डायरेक्टर (टेक्निकल) आलोक माथुर उपस्थित रहें। इस अवसर पर कुलपति डॉ. वाजपेयी ने कहा कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरू श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अध्ययनरत छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से प्रशिक्षण देकर और दक्ष बनाया जाएगा। यह एमओयू नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में कौशल विकास व दक्षता की एक नई गाथा लिखेगा।

## संस्कृत सप्ताह

## गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस

दिनांकः 04 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) में संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम के पंचम दिवस पर आयुर्वेद कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्री गोरक्षनाथ संस्कृत विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखनाथ मंदिर गोरखपुर के सहायक आचार्य डॉ. प्रान्शेश कुमार मिश्र ने आयुर्वेद में तर्कशास्त्र विषय पर कहा कि आयुर्वेद और तर्कशास्त्र की भाषा संस्कृत है आयुर्वेद छात्रों को संस्कृत का ज्ञान अपरिहार्य है। आयुर्वेद भारतीय दर्शन के न्याय और वैशेषिक दर्शन के सिद्धांतों पर आधारित है। इसमें पंचतत्व हेतु लिंग और औषधि ज्ञान का सिद्धांत है। ये सब न्याय, वैशेषिक रूपी तर्कशास्त्र का अंगभूत है। ये सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड पदार्थों से बना हुआ है। हमारा शरीर भी उन्हीं पदार्थो की संरचना है। "यत् पिंडे तत् ब्रह्माण्डे" के सिद्धांत के आधार पर अर्थात शरीर समझने के लिए ब्रह्माण्ड के पदार्थो का ज्ञान होना आवश्यक है जो की तर्कशास्त्र के द्वारा समझा जा सकता है।

चिकित्सा शास्त्र में अनुमान, प्रमाण प्रमुख रूप से कार्य करता है जो की हेतु और लिंग पर आधारित है। इसी कारण हेतु और लिंग के आधार पर आयुर्वेद में रोग और उसके निदान की चर्चा की गई है।



संस्कृत सप्ताह में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते डॉ. प्रान्शेश कुमार मिश्र।

तर्कशास्त्र में वर्णित 24 गुण हमारे शरीर और वातावरण के महत्वपूर्ण विषय है।

कार्यक्रम का संचालन छात्रा कोमल गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के संयोजक आचार्य साध्वी नंदन पाण्डेय ने मुख्य अतिथि सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में आयुर्वेद कॉलेज के शैक्षणिक प्रमुख डॉ. नवीन के. डॉ. प्रज्ञा सिंह, डॉ. शान्तिभूषण, सहित बीएएमएस प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## शिक्षक दिवस

## कृषि संकाय



शिक्षक दिवस पर परिसर की साफ–सफाई करते विद्यार्थी।

दिनांकः 05 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान मे डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्म दिवस एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान योजना के अंतर्गत महायोगी आदिनाथ इकाई के तत्वाधान में कृषि संकाय के डॉ. विकाश कुमार यादव के अध्यक्षता में विश्वविद्यालय परिसर मे 'स्वैच्छिक श्रमदान; का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमे सभी छात्रों के द्वारा विश्वविद्यालय के वातावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए विश्वविद्यालय प्रांगण में साफ – सफाई का कार्य किया। इस स्वच्छता अभियान में विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ विकाश कुमार यादव एवं कृषि संकाय के समस्त शिक्षकगण ने विशेष भूमिका निभाई।

## शिक्षक दिवस

## गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस

दिनांकः 05 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद संकाय) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की मत्स्येंद्रनाथ ईकाई के संयुक्त तत्वावधान मे शिक्षक दिवस मनाया गया। आयुर्वेद विद्यालय के अकादमिक प्रमुख डॉ. नवीन के. एवं समस्त वरिष्ठ शिक्षकों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. नवीन ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षक दिवस हमारे देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है। शिक्षक दिवस शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत आने वाला वो दिवस है, जब हम अपने शिक्षकों,, मार्गदर्शकों को स्मरण करते हुए उन्हें सम्मान अर्पित कर करते हैं। कार्यक्रम मे आयुर्वेद के छात्रों एवं छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के अगले सत्र में पिछले सात दिनों से चल रहे संस्कृत सप्ताह का समापन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। संस्कृत सप्ताह का संचालन सह आचार्य श्री साध्वी नंदन पांडेय के नेतृत्व में हुआ। संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत सम्पन हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी विद्यार्थियों को कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. नवीन के. द्वारा पुरस्कृत किया। सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पूरे हर्ष उल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया।




छात्रसंघ चुनाव हेतु आयोजित योग्यता भाषण में प्रतिभाग करते हुए छात्र संसद के सभी प्रतिनिधि।

दिनांकः 06 सितम्बर, 2023 को स्थापना के मात्र दो साल में उपलब्धियों की लंबी फेहरिस्त वाले महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम गोरखपुर ने बुधवार को छात्र सहभागिता को आगे बढ़ाने के क्षेत्र में नया मानक स्थापित कर दिया। ऐसे दौर में जब अन्य विश्वविद्यालयों में छात्र संघ के चुनाव ऊहापोह की स्थिति में है। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय ने छात्र संसद का नया व अभिनव मॉडल देकर छात्र पदाधिकारियों का चुनाव कराया है।

खास बात यह कि चुनाव प्रक्रिया महज तीन दिन में पूरी की गई वह भी कक्षाओं के संचालन में बिना किसी रुकावट आए। चुनाव के मुख्य दिन–बुधवार को भी 3 बजे तक कक्षाएं चलती रहीं और इसके बाद अगले दो घण्टे (पांच बजे तक) ऑनलाइन मतदान हुआ और मतदान के कुछ ही मिनटों के बाद परिणाम घोषित कर दिया गया। यूपी में छात्र संसद के रूप में और ऑनलाइन मतदान से चुनाव कराने वाला पहला यह विश्वविद्यालय है। कुल 57 प्रतिशत हुए मतदान के बाद जारी परिणाम के मुताबिक रंजीत शर्मा अध्यक्ष, अशोक कुमार चौधरी उपाध्यक्ष, संजना शर्मा महामंत्री व सुधा सिंह को पुस्तकालय मंत्री चुना गया। अध्यक्ष के पद पर कांटे की टक्कर रही और जीत का अन्तर सिर्फ चार मतों का रहा।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में बनाए गए छात्र संसद के संविधान के अनुसार छात्र संसद के सांगठनिक स्वरूप में विश्वविद्यालय के कुलपति पदेन मुख्य संरक्षक, अधिष्ठाता छात्र कल्याण निदेशक व कुलसचिव बतौर सदस्य सचिव होंगे। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, पुस्तकालय मंत्री व कार्यकारिणी सदस्य के निर्वाचन का प्रावधान है। निर्वाचन वाले इन पदों पर चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार का सबसे पहले कक्षा प्रतिनिधि के पद पर निर्वाचित होना अनिवार्य है। इसके साथ ही प्रत्याशी के लिए अधिकतम उम्र सीमा 25 वर्ष व पूर्व की परीक्षाओं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

छात्र संसद के संविधान की व्यवस्थाओं के अनुसार चुनाव प्रक्रिया 4 सितंबर से शुरु हुई। इस तिथि को कक्षा प्रतिनिधि का चुनाव हुआ। कुल 34 कक्षा प्रतिनिधि चुने गए। इन्हीं निर्वाचित कक्षा प्रतिनिधियों में से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, पुस्तकालय मंत्री के पदों पर दावेदारी की गई। 5 सितंबर को योग्यता भाषण में प्रत्याशियों ने छात्रों के समक्ष अपनी प्राथमिकताएं गिनाईं। 6 सितंबर को कक्षाओं के समाप्त होने के बाद अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक दो घण्टे ऑनलाइन मतदान कराया गया।

चुनाव परिणाम की जानकारी देते हुए चुनाव अधिकारी ने बताया कि तय समय सीमा में कुल 57 प्रतिशत मतदान हुआ। अध्यक्ष पद पर रंजीत शर्मा 213 मत प्राप्त कर निर्वाचित हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिवम पांडेय को 209 मत मिले। अन्य प्रत्याशियों में कामिनी चौरसिया को 140, शिवांगी मिश्रा को 140, अर्पिता चौधरी को 104 वोट मिले। इस पद पर 104 मतदाताओं ने नोटा विकल्प का चयन किया।

उपाध्यक्ष पद पर 298 वोट हासिल कर अशोक कुमार चौधरी निर्वाचित हुए जबकि दूसरे स्थान पर नर्गिस जहां को 245 मत मिले। इस पद के तीसरे उम्मीदवार विध्यवासिनी गुप्ता को 216 मतों से संतोष करना पड़ा। उपाध्यक्ष महोदय पर 151 वोटरों ने नोटा का विकल्प चुना।

महामंत्री पद पर संजना शर्मा 295 मत प्राप्त कर विजयी हुईं। निकटतम प्रतिद्वंद्वी नवीन कुमार पर्वत को 246 मत मिले। जबकि अन्य प्रत्याशियों में विष्णु अग्रहरि को 192 तथा अनिकेत मल्ल को 89 वोट हासिल हुए। इस पद पर 88 मतदाताओं की पसंद नोटा के नाम रही। पुस्तकालय मंत्री पर दो ही उम्मीदवार आमने सामने रहे। 384 वोट हासिल कर सुधा सिंह ने अंजलि तिवारी (339 वोट) को पराजित किया। इस पद पर 187 वोटरों ने नोटा का विकल्प चुना।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी व कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने छात्र संसद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि छात्र संसद पूरे देश के सामने विश्वविद्यालय संचालन में छात्र सहभागिता की मिसाल कायम करेगी।

## विश्व साक्षरता दिवस

दिनांकः 08 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) में राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ इकाई द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जशोबन्त डनसना ने अपने व्यक्तव्य में कहानियों के माध्यम से शिक्षा एवं साक्षरता के बारे में बताया। 8 सितम्बर 1966 को पहली बार विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया था, जिसका मुख्य उद्धेश्य समाज के विभिन्न समुदायों एवं व्यक्तियों को साक्षरता के महत्व के बारे में बताना है साथ ही उसके बढ़ावे पर जोर देना है। प्रत्येक वर्ष UNESCO दुनिया में विश्व समुदाय के अन्दर सीखने एवं साक्षरता को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 26 अक्टूबर 1966 में UNESCO ने 14वें जनरल कान्फ्रेंस में घोषणा किया था कि प्रत्येक वर्ष 8 सितम्बर को विश्व साक्षरता दिवस मनाया जायेगा। यह दिवस मानव विकास एवं समाज के लिए उनके अधिकारों को जानने एवं साक्षरता की ओर मानव चेतना को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।

## गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस



विश्व साक्षरता दिवस पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते डॉ. जशोबन्ता डनसना।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य साध्वीनन्दन पाण्डेय ने किया। आभार ज्ञापन डॉ. अनामिका अरजरिया ने किया। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी।

## स्वच्छता अभियान

दिनांकः 09 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी आदिनाथ इकाई एवं महायोगी उदयनाथ इकाई के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दूबे के नेतृत्व में सफाई एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न भाग जैसे– आयुर्वेद कॉलेज के सामने की क्यारियां, वाटिका के फुल–पौधे, घास इत्यादि की साफ–सफाई का कार्य किया गया एवं कृषि संकाय के छात्रों ने सभी स्वंयसेवक को नवीन क्यारियो का निर्माण करने की विधि करके सिखाया। इन सभी कार्यो में स्वंयसेवक शिवम, प्रियांश, साक्षी संदीप इत्यादि के अलावा दोनों इकाई के स्वंयसेवको ने बड़े मनोयोग के साथ कार्य किया।

इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में कार्यक्रम अधिकारी विकाश कुमार यादव एवं धनन्जय कुमार पाण्डेय ने अहम् भूमिका निभाई।

## राष्ट्रीय सेवा योजना



विश्वविद्यालय परिसर में साफ–सफाई करते विद्यार्थी।

## इलेक्टिव कोर्सेज प्रशिक्षण

## गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेस

दिनांकः 09 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद संकाय) में प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन. एस. की अध्यक्षता में द्रव्यगुण विभाग के प्रोफेसर डॉ. गिरिधर वेदांता ने सुश्रुत बैच (2022–23) के विद्यार्थियों को एनसीआईएसएम द्वारा प्रस्तावित इलेक्टिव कोर्सेज के बारे में विस्तार से समझाया। डॉ. गिरिधर ने विद्यार्थियों को बताया की प्रत्येक व्यावसायिक सत्र मे आपको 3 विषय मे 10 अंक के इलेक्टिव करना अनिवार्य है, इनके अंक आपके मौखिक प्रयोगात्मक परीक्षा के साथ जुड़ेंगे। एनसीआईएसएम में क्रेडिट बेस मानक के आधार पर पूर्णतया पाठ्यक्रम निर्धारित किया है

ये इलेक्टिव विषय विद्यार्थियों को अपने विषय से सम्बंधित विषय से परिचय करते हैं और उनको समझने मे सहायक होते है जिससे विद्यार्थियों चुने विषय मे और जागरूक और परांगत हो सके। प्रत्येक इलेक्टिव मे 5 मॉड्यूल है। ऑनलाइन वीडियो के द्वारा विद्यार्थियों को पढ़ाया जाता है। इलेक्टिव के अलग–अलग सत्रों मे ऑनलाइन परीक्षाएं विषय के एक्सपर्ट से संवाद आदि सत्र आयोजित किये जाते है जिनका मूल्यांकन ऑनलाइन परीक्षा के द्वारा होता है। शैक्षणिक प्रमुख एवं रसशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. नवीन ने चरक बैच (2021–22) के विद्यार्थियों को इलेक्टिव पाठ्यक्रम के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम मे विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक श्री अमित सिंह जी के साथ आयुर्वेद कॉलेज के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहें।

## नैक समिति : बैठक

## महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर



नैक समिति की बैठक में उपस्थित माननीय कुलपति व अन्य पदाधिकारीगण।

दिनांक: 12 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के नैक मूल्यांकन हेतु गठित स्टीयरिंग समिति की बैठक मेजर जनरल डॉक्टर अतुल वाजपेई जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) तथा नैक मूल्यांकन से सम्बन्धित विश्वविद्यालय स्तर पर की जाने वाली कार्यवाहियों पर विस्तार से चर्चा की गई। माननीय कुलपति जी द्वारा नैक मूल्यांकन हेतु निर्धारित मानकों की समीक्षा की गई तथा भविष्य के लिए मानकों के अनुसार डाटा प्रोसेसिंग एवं डाटा कैपचरिंग सुचारू रूप से किए जाने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में प्रोफेसर सुनील कुमार सिंह समन्वयक द्वारा ऑनलाइन प्रस्तुतिकरण दिया गया तथा भविष्य की तैयारी से संबंधित रुपरेखा प्रस्तुत की गयी।

बैठक में समस्त प्रधानाचार्य, अधिष्ठाता, स्टीयरिंग समिति के सदस्यगण सहित उप कुलसचिव प्रशासन एवं शैक्षणिक उपस्थित रहें।

## कुकिंग डेमोंसट्रेशन कार्यक्रम

## गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग

दिनांक: 13 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग के द्वारा ग्राम खत्रीपुरा में कुकिंग डेमोंसट्रेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नर्सिंग कॉलेज में अध्ययनरत जीएनएम की एक छात्रा एवं बीएससी नर्सिंग की 59 छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के संतुलित आहार जैसे– आयरन युक्त भोजन, कैल्शियम युक्त भोजन, प्रोटीन युक्त भोजन बनाया गया एवं छात्रों द्वारा सभी उम्र के लोगों को आहार दिया गया। साथ ही संतुलित आहार के बारे में ग्रामीणों को स्वास्थ्य शिक्षा दी गई एवं उसके लाभ से भी अवगत कराया गया।

कार्यक्रम का समापन श्रीमती पी.आर. लीगो शिन्सी, श्रीमती संगीता एवं सुश्री सोनी की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरु श्री गुरु गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. डी. एस. अजीथां जी ने किया।



ग्राम खत्रीपुरा में कुकिंग कार्यक्रम में बनाए गए व्यंजनों की प्रस्तुति देती छात्राएं।

## 'विश्व ओजोन दिवस'

## कृषि संकाय



विश्व ओजोन दिवस पर विश्वविद्यालय परिसर में साफ–सफाई करते विद्यार्थी।

दिनांक: 16 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'विश्व ओजोन दिवस' एव 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत व्याख्यान एवं परिसर में सफाई अभियान किया गया।

व्याख्यान में डॉ. हरी कृष्ण कृषि संकाय के सह आचार्य ने 'गाजर घास' (खर–पतवार) के बारे में बताते हुए कहा की इसका वातावरण मनुष्य एवं जानवर पर किस तरह दुष्प्रभाव पड़ता है और इससे बचने के लिए इसके नियंत्रण की विधियां बताई और विश्वविद्यालय को गाजर घास मुक्त एवं स्वच्छ बनाने के लिए 'स्वच्छता अभियान चलाकर विश्वविद्यालय परिसर की सफाई की गयी।

इसी क्रम में कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दुबे की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय परिसर के कृषि विज्ञान के उद्यान भूमि इकाई की सफाई एवं लेमन घास की क्यारियों में सफाई की गई। जिसमें महायोगी आदिनाथ इकाई के कृषि विज्ञान के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के समस्त छात्र – छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के महायोगी आदिनाथ इकाई के प्रभारी डॉ. विकाश कुमार यादव एवं कृषि संकाय के प्राध्यापकों ने विशेष भूमिका निभाई।

## विश्व ओजोन दिवस

## सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय




विश्व ओजोन दिवस पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

दिनांकः 16 **सितम्बर**, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में **राष्ट्रीय सेवा योजना** के उदयनाथ इकाई के तत्वाधान में संबंध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर भाषण और चित्रकला की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें शिवम पांडेय, शगुन, विंध्यवासिनी और प्रितेश ने भाषण में प्रतिभाग किया। इसके साथ–साथ सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान के सभी विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमे प्रथम स्थान दुर्गेशनंदिनी, द्वितीय स्थान शिवानी सिंह एवं तृतीय स्थान पर अर्चिता गुप्ता एवं शिवानी यादव विजयी रहें।

इस कार्यक्रम में मंच का संचालन सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के शिवम पांडेय ने किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी श्री धनंजय पांडेय एवं डॉ. संदीप श्रीवास्तव का अहम योगदान रहा।

## विश्व ओजोन दिवस

## महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज

दिनांकः 16 **सितम्बर**, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में **राष्ट्रीय सेवा योजना** के अन्तर्गत महायोगी संतोषनाथ इकाई के तत्वाधान में महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में **'विश्व ओजोन दिवस'** के अवसर पर पोस्टर प्रस्तुतिकरण तथा परिसर को स्वच्छ बनाने का अभियान चलाया गया।

जिसमें पैरामेडिकल के छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग लिया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में श्री कुंवर अभिनव सिंह एवम् पैरामेडिकल के समस्त शिक्षकगण ने विशेष भूमिका निभाई।



विश्व ओजोन दिवस पर परिसर की साफ–सफाई करते पैरामेडिकल के विद्यार्थी।

## स्वच्छता अभियान

## राष्ट्रीय सेवा योजना

स्वच्छता अभियान के अंतर्गत ग्राम बालापार के महामाया वैष्णों मंदिर में साफ–सफाइ करते विद्यार्थी



दिनांकः 18 **सितम्बर**, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में **राष्ट्रीय सेवा योजना** के तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा संचालित 15 सितंबर से 02 अक्टूबर के कार्यक्रम योजना 'स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत ग्राम पंचायत बालापार में संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के उदयनाथ इकाई के तत्वाधान में स्वच्छता का अभियान चलाया गया। जिसमें संबंध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के उदयनाथ इकाई के समस्त स्वयं सेवकों के द्वारा बालापार महामाया वैष्णों देवी मंदिर में सफाई की गई। कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री धनंजय पांडेय एवं छात्र शिवम पांडेय अदिति सिंह, आशीष चौधरी, अमित पाठक, अंकुश, अनमोल, प्रीतेश, गरिमा प्रकृति, नीरज ने विशेष भूमिका निभाई। राष्ट्रीय सेवा योजना की संतोषनाथ इकाई के तत्वाधान में विश्वविद्यालय प्रांगण में सफाई का कार्य किया गया।

कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सुप्रिया गुप्ता एवं पैरामेडिकल के शिक्षक कुंवर अभिनव सिंह राठौड़ ने विशेष भूमिका निभाई।

## हेपेटाइटिस बी: टीकाकरण

## गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग

दिनांकः 18 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में हेपेटाइटिस बी टीकाकरण के द्वितीय खुराक दिया गया। जिसके अन्तर्गत बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के 100 छात्राओं का टीकाकरण श्रीमती पी आर लीगो शिंसी, सुश्री खुशबू, सुश्री शाइनी तथा श्रीमती संगीता, सुश्री अनामिका द्वारा किया गया, साथ ही साथ छात्राओं को टीकाकरण के दौरान बरती जाने वाली सावधनियां एवं लाभ के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया की किस प्रकार टीकाकरण से हम हेपेटाइटिस बी जैसी बीमारी से आसानी से बच सकतें है।

कार्यक्रम का नेतृत्व गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. डी. एस. अजीथा जी के उपस्थिति में हुआ।



हेपेटाइटिस बी का टीकाकरण करती हुई शिक्षिका।

## गणेश चर्तुथी : महोत्सव

## सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय



गणेश चतुर्थी प्रदर्शनी प्रतियोगिता में गणेश जी का चित्र बनाती छात्रा।



विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रकला का अवलोकन करते माननीय कुलपति।

दिनांकः 19 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय एवं दीप्तिमान संस्कृति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में गणपति महोत्सव मनाया गया एवं गणपति बप्पा मोरया प्रदर्शनी और आन द स्पॉट प्रतियोगिता करायी गई।

महोत्सव में सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेई जी ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर गणपति बप्पा की पूजा एवं आराधना की।

माननीय कुलपति जी ने कहा कि गणपति बप्पा महोत्सव मनाने का महत्व बताते हुए ईश्वर के प्रति सदा भक्तिभाव रखने साथ–साथ विद्यार्थियों के द्वारा बनायी गयी कलाकृति से उनके अन्दर कलात्मक सृजन एवं धर्म के प्रति आस्था की नयी दृष्टि उत्पन्न हुई है। जिससे विद्यार्थियों में कलात्मक अभिव्यक्ति की दृष्टि विकसित होगी।

इस महोत्सव में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अंकिता, शिवांगी पाठक, कंचन, विंध्यवासनी गुप्ता, अनामिका सिंह, दुर्गावती भारती, अलका कुशवाहा, अनुष्का कनौजिया, मनु सिंह, संस्कृति सिंह निकिता गौड़, अमरजीत, विजय चौधरी, रुचि शुक्ला, खुशबू कुमारी, अजीत कुमार सिंह, अमृता कनौजिया, शिवम सिंह, आकांक्षा, मोतीलाल, अर्चिता गुप्ता,साक्षी त्रिपाठी, सानिया विश्वकर्मा, अदिति सिंह, निधि गुप्ता, प्रीतेश कुमार, अस्मिता सिंह, शीलू कौसोधन, निधि, अंकिता सिंह, राजनंदिनी, सुनैना, वैष्णवी शुक्ला, अंजलि तिवारी आदि ने कुल 80 कलाकीर्तियों के साथ सहभाग किया। गणपति बप्पा पर केंद्रित कलाकृतियों को प्रांगण में सजाया गया, जिसका सभी ने अवलोकन किया।

आयोजन में विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विशेष योगदान दिया एवं आन द स्पॉट प्रतियोगिता में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के ललित कला एवं संगीत विभाग के सह आचार्य डॉ. गौरी शंकर चौहान एवं सह आचार्य प्रदीप कुमार साहनी निर्णायक मण्डल के रूप में उपस्थित रहें। जिसमें उन्होंने विद्यर्थियो के द्वारा निर्मित आकृतियों का अवलोकन कर उसमें कला की बारीकियों का उचित मार्गदर्शन दिया।

ऑन द स्पॉट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अलका कुशवाहा,एमएससी, मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी, द्वितीय सानिया विश्वकर्मा, बीएससी मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी, अरचिता गुप्ता बीएससी बॉयोटेक्नोलॉजी, तृतीय अमरजीत कृषि विभाग, प्रथम वर्ष, दुर्गेश नंदनी साहनी बीएससी बॉयोटेक्नोलॉजी, एवं सांत्वना निकिता गोंड कृषि विभाग प्रथम वर्ष, प्रियंका चौधरी तृतीय वर्ष नर्सिंग, रूपाली शर्मा नर्सिंग, निधि बीएससी माइक्रो बॉयोलॉजी, दीक्षारानी जीएनएम, ने श्रेष्ठता पुरस्कार प्राप्त किया।

प्रदर्शनी का संयोजन डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया।

## प्लास्टिक प्रतिबंधन : जागरूकता

## राष्ट्रीय सेवा योजना



प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को प्लास्टिक प्रदूषण पर जागरूक करते विद्यार्थी।

दिनांकः 19 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना की ईकाई द्वारा आयोजित 'प्लास्टिक प्रतिबंधन पर जागरूकता अभियान' के अंतर्गत महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की महायोगी आदिनाथ एवं महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ ईकाई के संयुक्त तत्वाधान मे 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अन्तर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस आयोजन में कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बालापार में कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों को प्लास्टिक के प्रयोग के दुष्परिणामों एवं वातावरण को होने वाली हानियों के बारे में विस्तारपूर्वक बताकर उन्हें इसका प्रयोग नहीं करने के लिए जागरूक करने का कार्य किया गया। इस आयोजन में सभी स्वयं सेवकों ने स्वच्छता ही सेवा के अभियान के तहत विद्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर पौधो की सफाई इत्यादि कार्यों को करके बच्चों को अपने विद्यालय में साफ–सफाई कैसे रखनी है इसके बारे में सिखाया। विद्यालय के बच्चे और विद्यालय परिवार के सहयोग से अभियान को सफल बनाया गया।

विश्वविद्यालय की ओर से कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकास कुमार यादव, डॉ. अनामिका अर्जरिया तथा आचार्य साध्वी नन्दन पाण्डेय ने इस आयोजन को सकुशल संपन्न कराया गया।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान

## राष्ट्रीय सेवा योजना





राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र व महेसरा पुल स्थिति मंदिर में सफाई करते विद्यार्थी।

दिनांकः 20 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा संचालित 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत महायोगी आदिनाथ इकाई के द्वारा महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र, पीपीगंज में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन कृषि संकाय के सहायक अध्यापक डॉ. विकाश कुमार यादव के अध्यक्षता में केंद्र के प्रशानिक भवन, उद्यान परिक्षेत्र इत्यादि में छात्रों ने पौधो की सफाई कर 'स्वच्छता अभियान' का एक सन्देश प्रस्तुत किया। जिसमें कृषि संकाय के स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थी एवं कृषि विज्ञान केंद्र के सफाई कर्मचारी के सहयोग के द्वारा प्रशानिक भवन एवं बगीचा परिक्षेत्र में साफ–सफाई का कार्य संपन्न हुआ।

महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र के उद्यान विज्ञान के वस्तु विज्ञान विशेषज्ञ वैज्ञानिक डॉ. अजीत श्रीवास्तव ने बगीचा परिक्षेत्र में सफाई की महत्ता के बारे में बताया एवं उद्यान परिक्षेत्र में लगने वाले मुख्य खर–पतवार के नियंत्रण करने के उपाय के बारे विस्तार से बताया एवं **राष्ट्रीय सेवा योजना** के अन्तर्गत महायोगी संतोषनाथ इकाई के तत्वाधान में महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में 'स्वच्छता ही सेवा' के अन्तर्गत महेसरा पुल के पास स्थित मंदिर परिसर में **राष्ट्रीय सेवा योजना** की छात्राओं द्वारा साफ–सफाई का कार्य किया गया।

कार्यक्रम में मृदुला, शिवांगी, अंजू, स्मिता, अंतिमा, दीपिका, अनुराधा, प्रीति, अमृता, भूमिका, खुशी, ज्योतिमा ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सुप्रिया गुप्ता व पैरामेडिकल के शिक्षक कुंवर अभिनव सिंह राठौड़ ने विशेष भूमिका निभाई। वहीं सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के डॉ. सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में **राष्ट्रीय सेवा योजना** के उदयनाथ इकाई द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में प्रशासनिक भवन के समीप फुलवारी में सफाई का कार्य कराया गया।

जिसमें उदयनाथ इकाई के बॉयोटेक्नोलॉजी, मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी एवं मेडिकल बायोकेमिस्ट्री विभाग की समस्त स्वयं सेवकों के द्वारा सफाई का कार्य कराया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री धनंजय पांडेय ने विशेष भूमिका निभाई।

## स्वास्थ्य शिक्षा

## गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग

दिनांकः 20 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग के बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष की 61 छात्राओं द्वारा स्कूल हेल्थ प्रोग्राम तथा मास हेल्थ एजुकेशन का कार्यक्रम खत्रीपुरा गांव में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती गीत से की गई तथा स्कूल हेल्थ प्रोग्राम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के विषयों जैसे कृमि संक्रमण पर्यावरण स्वच्छता तथा हाथ की स्वच्छता का दृश्य प्रदर्शन करके सभी विद्यार्थियों में जागरूकता प्रदान किया गया। तथा मास हेल्थ एजुकेशन के अंतर्गत चार्ट पेपर के द्वारा हेल्थ एजुकेशन दिया गया।

जिसमें विभिन्न प्रकार के विषय जैसे ग्लोबल वार्मिंग और संक्रमित बीमारियों के रोकथाम तथा विभिन्न प्रकार के भोज्य पदार्थ के विषयों में बताया गया। तथा कार्यक्रम के अंत में छात्राओं द्वारा स्कूल के सभी विद्यार्थियों



स्वास्थ्य शिक्षा के अंतर्गत ग्राम खत्रीपुरा में ग्रामीणों को जागरूक करती छात्राएं।

तथा शिक्षकों को जलपान दिया गया। यह कार्यक्रम सुश्री अनामिका जायसवाल सुश्री आरोही श्रीवास्तव तथा श्री अक्षय एडवर्ड के नेतृव में सम्पन्न किया गया।

## स्वच्छता ही सेवा

## सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय




प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को पंचप्रण की शपथ दिलाते विश्वविद्यालय के विद्यार्थी।

दिनांकः 21 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान मे भारत सरकार द्वारा संचालित 15 सितंबर से 02 अक्टूबर के कार्यक्रम योजना 'स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत बालापार में संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के उदयनाथ इकाई के तत्वाधान में अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में इकाई के स्वयं सेवकों के द्वारा प्राथमिक विद्यालय बालापार द्वितीय में उपस्थिति शिक्षकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को पंचप्रण की शपथ दिलाई एवं देश को विकसित बनाने, एकजुट रखने एवं नागरिक कर्तव्यों की बारे में सभी को जागरूक किया।

कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री धनंजय पांडेय एवं छात्र शिवम पांडेय, अदिति सिंह, आशीष चौधरी, अमित पाठक, अनमोल, प्रीतेश, अर्चना, सानिया एवं अन्य विद्यार्थियों ने विशेष निभाई। एवं महायोगी संतोषनाथ इकाई केद्वारा महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में 'स्वच्छता ही सेवा' के अन्तर्गत 'प्लास्टिक प्रतिबंधन' पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

कार्यक्रम में शिवांगी पाठक नेअपने सहपाठियों को प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण के बारे में बताते हुए उससे होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी और सभी से प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सुप्रिया गुप्ता व पैरामेडिकल के समस्त शिक्षकगण ने विशेष भूमिका निभाई।

## स्वास्थ्य जागरूकता

## गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग



खत्रीपुरा गांव में स्कूल हेल्थ प्रोगाम विषय पर जागरूकता करती छात्रा।

दिनांकः 21 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष की 30 छात्राओं ने खत्रीपुरा गांव में स्कूल हेल्थ प्रोग्राम तथा 31 छात्रों द्वारा मास हेल्थ एजुकेशन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती गीत से हुई तथा स्कूल हेल्थ प्रोग्राम में विभिन्न प्रकार के विषयों जैसे डेंटल कैरीज, प्रिवेंशन ऑफ़ स्किन इन्फेक्शन एंड इट्स मैनेजमेंट का दृश्य प्रदर्शन तथा प्रेस्कूलर असेसमेंट करके विद्यार्थियों को जागरूकता किया। मास हेल्थ एजुकेशन में चार्ट पेपर के द्वारा हेल्थ एजुकेशन दिया जिसमे वेस्ट डिस्पोजल, पपेट शो एवं फूड हाइजीन के विषयों के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को जलपान दिया गया। कार्यक्रम सुश्री अनामिका जायसवाल सुश्री आरोही श्रीवास्तव तथा श्री अक्षय एडवर्ड के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

## बीएएमएस प्रवेश प्रक्रिया

## गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस



बीएएमएस प्रवेश प्रक्रिया के दौरान दस्तावेज सत्यापन कराते नवप्रवेशित विद्यार्थी।

दिनांकः 22 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर द्वारा संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद संकाय) में बीएएमएस 2023–24 सत्र के लिए नीट परीक्षा उत्तीर्ण करके आयुष कॉउंसलिंग मे प्रतिभाग करके आए विद्यार्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया गया। आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ ने कहा गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस की सभी 100 सीट आयुष कॉउंसलिंग के प्रथम चरण में ही आवंटित हो गई थी। ये कॉलेज विद्यार्थियों की प्रथम पसंद बन चुका है। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया 18 सितंबर से ही प्रारंभ हो गयी थी आज वेरिफिकेशन का अंतिम दिवस है। आज सायं 5 बजे तक यूपी कॉउंसलिंग के पोर्टल पर प्रवेश लिए विद्यार्थियों की जानकारी उपलब्ध करा दिया गया है। माननीय कुलपति महोदय मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेयी के नेतृत्व में पूरी प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ सुचारू रूप से सम्पन्न करायी गयी।

## स्वास्थ्य जागरूकता

## गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग

दिनांकः 22 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग में अध्ययनरत जीएनएम प्रथम वर्ष की 49 छात्राओं द्वारा स्कूल हेल्थ प्रोग्राम तथा 48 छात्रों द्वारा मास हेल्थ एजुकेशन कार्यक्रम का आयोजन बैजनाथ गांव में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती गीत से की गई तथा स्कूल हेल्थ प्रोग्राम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के विषयों जैसे पर्सनल हाइजीन एवं इंपोर्टेंस ऑफ एजुकेशन का दृश्य प्रदर्शन तथा प्रेस्कूलर असेसमेंट करके सभी विद्यार्थियों कों जागरूक किया गया तथा मास हेल्थ एजुकेशन में चार्ट पेपर के द्वारा हेल्थ एजुकेशन दिया जिसमें एनवायरनमेंटल सेनिटेशन व वेक्टर बॉर्न डिजीज के विषयों में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं द्वारा स्कूल के सभी विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को जलपान




ग्राम बैजनाथ में मास हेल्थ एजुकेशन के अंतर्गत ग्रामवासियों को जागरूकत करती छात्रा।

दिया गया। यह कार्यक्रम सुश्री गुंजन सिंह सुश्री दीक्षा, श्रीमति प्रियंका, श्रीमति संगीता के नेतृत्व में सम्पन किया गया।

## स्वास्थ्य जागरूकता

## गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग




विद्यालयी स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के दौरान बैजनाथ गांव में बच्चों का स्वास्थ्य जांच करती छात्राएं।

दिनांकः 23 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अध्ययनरत जीएनएम प्रथम वर्ष की 48 छात्राओं ने स्कूल हेल्थ प्रोग्राम तथा 49 छात्रों द्वारा मास हेल्थ एजुकेशन कार्यक्रम का आयोजित बैजनाथ गांव में किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती गीत से की गई तथा स्कूल हेल्थ प्रोग्राम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के विषयों जैसे कृमि संक्रमण एवं दंत क्षय का दृश्य प्रदर्शन तथा प्रेस्कूलर असेसमेंट करके सभी विद्यार्थियों में जागरूकता प्रदान किया गया। मास हेल्थ एजुकेशन के अंतर्गत चार्ट पेपर के द्वारा हेल्थ एजुकेशन दिया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के विषय जैसे एनीमिया की रोकथाम के विषयों में बताया गया।

कार्यक्रम के अंत में छात्राओं द्वारा स्कूल के सभी विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को जलपान दिया गया।

## स्वच्छता अभियान

## राष्ट्रीय सेवा योजना



चिलुआताल बांध के किनारे सफाई करते विश्वविद्यालय के विद्यार्थी।

दिनांकः 23 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा संचालित दिनांक 15 सितंबर से 02 अक्टूबर के कार्यक्रम योजना 'स्वच्छता ही सेवा' के अंतर्गत संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय की महायोगी उदयनाथ इकाई एवं कृषि विज्ञान संकाय की महायोगी आदिनाथ ईकाई के द्वारा विश्वविद्यालय के पंचकर्मा से लेकर चिलुआताल बांध के किनारे पर लगे पौधों की कटाई छटाई एवं 'स्वच्छता अभियान' का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विज्ञान स्नातक के प्रथम व द्वितीय वर्षीय के छात्राओं व छात्रों ने उत्साहपूर्वक अभियान में योगदान दिया।

वहीं उदयनाथ इकाई के तत्वावधान तथा संकायाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में इकाई के स्वयं सेवकों ने चिलुआताल के बांध पर स्वच्छता अभियान व पौधा संरक्षण का कार्य किया।

जिसमें बॉयोटेक्नोलॉजी, मेडिकल माइक्रोबॉयोलॉजी व मेडिकल बॉयोकेमिस्ट्री के विद्यार्थियों ने कार्य किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के महायोगी आदिनाथ इकाई के प्रभारी डॉ. विकाश कुमार यादव एवं महायोगी उदयनाथ ईकाई के श्री धनंजय पांडेय ने भूमिका निभाई।

महायोगी संतोषनाथ इकाई के तत्वाधान में महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में 'स्वच्छता ही सेवा' के अन्तर्गत विश्वविद्यालय परिसर में जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में स्वंयसेविका मोहिनी चौहान, ऋतु सिंह, प्रिया सिंह, बंदना सिंह, प्रीति सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर में सफाई करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सुश्री सुप्रिया गुप्ता व पैरामेडिकल के शिक्षक कुंवर अभिनव सिंह राठौड़ ने विशेष भूमिका निभाई।

## स्वच्छता अभियान

## सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय



विश्वविद्यालय परिसर में साफ–सफाई करते विद्यार्थी।

दिनांकः 25 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में **राष्ट्रीय सेवा योजना** के तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम **'स्वच्छता ही सेवा'** जो 15 सितंबर से 02 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा।

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संचालित इस कार्यक्रम के तत्वावधान में संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय की उदयनाथ इकाई ने संकायाध्यक्ष प्रो. सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में उदयनाथ इकाई के समस्त स्वयं सेवकों द्वारा विश्वविद्यालय में स्थित आयुर्वेद कॉलेज के पंचकर्मा के सामने वाली फुलवारी की सफाई की गई।

इस अभियान में बीएससी बॉयोटेक्नोलॉजी, मेडिकल माइक्रोबॉयोलॉजी और मेडिकल बॉयोकेमिस्ट्री के स्वयं सेवकों द्वारा परिसर के अन्य विभिन्न हिस्सों में भी स्वच्छता को सुचारू रूप से क्रियान्वित किया गया।

कार्यक्रम को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने में कार्यक्रम अधिकारी श्री धनंजय पांडेय ने अहम भूमिका निभाई।

## स्वच्छता ही सेवा : शपथ ग्रहण

## कृषि संकाय

दिनांकः 26 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत महायोगी आदिनाथ इकाई व महायोगी मत्स्येंद्रनाथ इकाई द्वारा संयुक्त रूप से स्वच्छता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दूबे एवं शपथ ग्रहण कृषि विज्ञान के छात्र अनिकेत मल्ल ने कराया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान के सहायक आचार्य डॉ. हरी कृष्ण ने स्वच्छता व नशामुक्ति के दुष्प्रभाव पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान संकाय के सभी प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम को महायोगी आदिनाथ इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकाश कुमार यादव के नेतृत्व में संपन्न कराया गया।



शपथ लेते हुए कृषि संकाय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी।

## अतिथि व्याख्यान

## गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस



अतिथि व्याख्यान में विद्यार्थियों से संवाद स्थापित करते डॉ. जीवनएश्वर्या।

दिनांकः 26 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, आयुर्वेद कॉलेज में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ. जीवनएश्वर्या प्राचार्य एम.डी. आयुर्वेद कॉलेज, आगरा के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पाजंली कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। बीएएमएस चरक बैच की छात्राओं द्वारा धनवंतरि वंदना का गायन किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने व्याख्यान के विषय ''मेडिसीन ऐज ऐ करियर'' पर अपना वक्तव्य देते हुए बीएएमएस के विद्यार्थियों को सर्वप्रथम अपने जीवन के लक्ष्य का निर्धारण करना साथ में अपनी शिक्षा को पूर्णतः इमानदारी से पूरा करने को कहा। महोदय ने बीएएमएस के उपरान्त पीजी के विषयों के बारे में तथा बीएएमएस के बाद प्रशासनिक सेवा में अपना योगदान देने के बारे में बताया।

अपने व्याख्यान में रिसर्च के क्षेत्र में हो रहे विभिन्न कार्यों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। विद्यार्थियों के साथ संवाद में विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर देते हुए बताया कि आयुर्वेद में की जाने वाली सर्जरी एवं आयुर्वेद की सर्वभौमिकता सम्पूर्ण विश्व पटल पर बहुत तेजी से बढ़ रही है।

इस अवसर पर आयुर्वेद कॉलेज के रस शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. नवीन के. संहिता एवं सिद्धान्त विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शान्ती भूषण, प्रज्ञा सिंह, आदि सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## अतिथि व्याख्यान

## गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेस



आयुर्वेद कॉलेज में आयोजित अतिथि व्याख्यान में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते डॉ. किरन कुमार रेड्डी।

दिनांकः 27 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) में भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग द्वारा निर्धारित संहिता सिद्धांत 2 के पाठ्यक्रम के अनुसार Non lecture activity के अंतर्गत अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया।

वक्ता के रूप में महंत दिग्विजय नाथ आयुर्वेद चिकित्सालय के परामर्श चिकित्सक डॉ. किरन कुमार रेड्डी ने कहा कि एनसीआईएसएम ने संहिता अध्ययन 2 के पाठ्यक्रम चरक सूत्र स्थान 15 उपकल्पनिया अध्याय में अतुरलाय का बहुत सुंदर एवं सटीक वर्णन मिलता हैं। 200 ई.पू. महर्षि चरक ने अतुरलाय का कैसे निर्माण करना है और उसमें किन वस्तुओं की आवश्यकता की व्यवस्था होनी चाहिए, इसका पूर्ण वर्णित है जो आज के परिप्रेक्ष्य में भी काफी हद तक सही बैठता है। डॉ. रेड्डी ने कहा अतुरलाय साफ़, हवादार हो साथ ही उसमें चिकित्सा में उपयोगी सभी वस्तुओं एवं औषध से सुसज्जित होना चाहिए। अतुरलाय मे बॉयो कैमिकल वेस्ट को भी हटाने के लिए पूरी व्यवस्था होनी चाहिए। पूर्ण सुसज्जित ऑपरेशन कक्ष, चिकित्सा में उपयोगी यंत्र एवं शास्त्र औषधी के साथ होनी चाहिए। जिससे चिकित्सा में अगर कोई उपद्रव उत्पन्न हो जाये तो शीघ्र उसका निराकरण हो सके। इसके साथ वैद्य, परिचारक, सफाई कर्मचारी, काउंसलर आदि भी हर समय उपस्थित होने चाहिए।

डॉ. रेड्डी ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद के साथ–साथ आयुर्वेद शाल्य चिकित्सा की उपयोगिता एवं महत्व को बताया। आयुर्वेद का एक अभिन्न अंग पंचकर्म एवं क्षारसूत्र है। क्षारसूत्र के महत्व को बताते हुए वक्ता ने कहा कि क्षारसूत्र अर्श, बवासीर, भगंदर की सफल चिकित्सा होती हैं। व्याख्यान में संहिता विभागाध्यक्ष डॉ. शान्ति भूषण, सह–आचार्य डॉ. सुमित, सहायक आचार्य डॉ. प्रज्ञा सहित द्वितीय व्यावसायिक सत्र के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## जागरूकता कार्यक्रम

## गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग

दिनांकः 27 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग में अंगदान तथा रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, गोरखपुर के प्राचार्या डॉ. रेणुका जी के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की उप प्राचार्या श्रीमति प्रिंसी जॉर्ज एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहें।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. रेणुका द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलन तथा सरस्वती वंदना से की गई। डॉ. रेणुका जी ने अपने व्याख्यान में अंगदान की उपयोगिता, भारत में अंगदान के प्रति जागरूकता एवं मांग साथ ही साथ रक्तदान की महत्ता, उसके उपयोग तथा रक्तदान तथा अंगदान में नर्सों की भूमिका




नर्सिंग कॉलेज में अंगदान एवं रक्तदान कार्यक्रम में सम्बोधित करतीं डॉ. रेणुका जी।

के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् के साथ हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व नर्सिंग कॉलेज की उप प्राचार्या श्रीकमि प्रिंसी जॉर्ज जी के उपस्थिति मे संपन्न हुआ।

## शपथ ग्रहण

## सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय



स्वच्छता कार्यक्रम में शपथ लेते विद्यार्थी एवं प्राध्यापक।

दिनांकः 27 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में **राष्ट्रीय सेवा योजना** के तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम 'स्वच्छता ही सेवा' जो 15 सितंबर से 02 अक्टूबर तक सक्रिय रहेगा।

इस स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के उदयनाथ इकाई ने भी उत्साह के साथ अपनी भागीदारी दी। संकायाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में उदयनाथ इकाई के समस्त स्वयं सेवकों द्वारा विश्वविद्यालय में स्वच्छता शपथ ग्रहण कराया गया। इस अभियान में बीएससी बॉयोटेक्नोलॉजी, मेडिकल माइक्रोबॉयोलॉजी और मेडिकल बॉयोकेमिस्ट्री के स्वयं सेवकों ने शपथ ग्रहण लिया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में कार्यक्रम अधिकारी श्री धनंजय पांडेय ने अहम भूमिका निभाई

## शैक्षिक भ्रमण

## कृषि संकाय

दिनांकः 29 सितंबर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कृषि संकाय के स्नातक द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति गया, पिपराईच, गोरखपुर का शैक्षिक भ्रमण किया।

विद्यार्थियों ने सहकारी समिति की कार्यशैली व कृषि में उसके योगदान को जाना। समिति के सचिव श्री महेंद्र प्रताप मल्ल ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए यह बताया की समिति का गठन किसानों के हित के लिए किया गया व यहा झब्ब् के माध्यम से किसानों को उचित ब्याज दर पर




शैक्षिक भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र पर ज्ञानवर्धन करते विद्यार्थी।

श्रण व सब्सिडी पर खाद एवं बीज प्राप्त कराया जाता है। उन्होंने नैनो यूरिया व नैनो डीएपी की विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान सहकारी समिति, बेला के अध्यक्ष श्री अनिरुद्ध सिंह भी उपस्थित रहे।शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम कृषि संकाय के सहायक आचार्य डॉ. आयुष कुमार पाठक के कुशल नेतृत्व एवं अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दुबे के निर्देशन में संपन्न हुआ।

## नैक समिति : बैठक

## महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर





महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित नैक समिति के बैठक में के दौरान आगंतुक विशेषज्ञ एवं विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण।

दिनांकः 28 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल बाजपेई की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं नैक तैयारी की प्रगति एवं समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विशेषज्ञ के रूप में प्रो. धीरेन्द्र पाल सिंह पूर्व अध्यक्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग व पूर्व अध्यक्ष नैक नई दिल्ली, डॉ. जी. एन. सिंह पूर्व औषधि महानियंत्रक भारत, प्रो. बिजेंद्र सिंह कुलपति नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या, प्रो. राजेश सिंह पूर्व कुलपति दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर, श्री आशीष श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक अन्तर्राष्ट्रीय चावल शोध संस्थान वाराणसी सहित विश्वविद्यालय के नैक स्टीयरिंग समिति के समस्त पदाधिकारी, समस्त प्राचार्य, अधिष्ठाता एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, प्रो. सुनील कुमार, डॉ. मंजूनाथ एनएस, श्रीमती प्रिंसी जी, डॉ. गोपीकृष्ण, डॉ. विमल कुमार दूबे, डॉ. शशिकांत सिंह, डॉ. सुमित कुमार एम, श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अनुपमा ओझा, डॉ. शिवम कुमार प्रजापति, डॉ. आयुष कुमार पाठक, सुश्री श्वेता अलवर्ट सहित एमपी पीजी कालेज के उपप्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी एवं डॉ अभिषेक वर्मा आदि उपस्थित रहें।

विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव श्रीकान्त के हवाले से बताया गया है गोरक्षपीठाधिशवर पूज्य महंत योगी आदित्यनाथ जी महाराज द्वारा वर्ष 2021 में स्थापित स्थापित महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर लोककल्याणार्थ संचालित है। विश्वविद्यालय प्रगतिपथ पर अनवरत प्रयत्नशील है। विश्वविद्यालय नैक के मानकानुसार अपने शैशवावस्था से नैक मूल्यांकन की तैयारी शुरू कर दिया है। स्थापना के समय वर्ष 2021 में 15 पाठ्यक्रमों के साथ संचालन प्रारम्भ हुआ और वर्ष 2023 में कुल 21 पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। बैठक के दौरान प्रो. राजेश सिंह तथा प्रो. बिजेंद्र सिंह अपने विश्वविद्यालय के नैक मूल्यांकन हेतु किए गए प्रयासों को साझा किया तथा यह सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय अभी ऑनलाईन व ऑफलाइन डाकूमेंटेशन शुरू कर दे तो निश्चय ही नैक की अर्हता पूरी करने के समय नैक मूल्यांकन के समय सफलता मिलेगी।

प्रो. धीरेन्द्र पाल सिंह ने अपने सम्बोधन में नैक हेतु निर्धारित सभी मापदंडों को पूरा करने तथा विश्वविद्यालय में अधिक से अधिक सेमीनार, कांफ्रेंस आयोजित कराये जाने तथा शिक्षकों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में शोध पत्र प्रकाशित किए जाने पर बल दिया। साथ ही साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की गाइड लाइन के अनुसार तैयारी करने तथा इनकयूबेशन एवं इन्नोवेशन सेंटर की स्थापना करने व इंडियन नॉलेज सिस्टम पर पाठ्यक्रम चलाये जाने पर जोर दिया जाए।

प्रो. सुनील कुमार समन्वयक नैक स्टीयरिंग समिति द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों एवं शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रस्तुतिकरण दिया गया।

## अतिथि व्याख्यान

## कृषि संकाय



विद्यार्थियों को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह जी।

दिनांकः 30 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कृषि संकाय में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह, सह–आचार्य, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर ने अपने व्याख्यान में कृषि ऋण से किसानों को होने वाले लाभ पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में हरित क्रांति के जनक व प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम एस स्वामीनाथन के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम का संचालन कृषि स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी गुप्ता, अध्यक्षता कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दुबे व धन्यवाद ज्ञापन सहायक अध्यापक डॉ आयुष कुमार पाठक द्वारा दिया गया ।

## स्वच्छता अभियानः शपथ ग्रहण

## महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर



नर्सिंग कॉलेज में आयोजित स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत शपथ ग्रहण करतीं विश्वविद्यालय के विद्यार्थी।

दिनांकः 30 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग विभाग की प्रधानाचार्या डॉ. डी. एस. अजीथा व में महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल विभाग के विभागाध्यक्ष श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई. महायोगी संतोषनाथ एवं महायोगी सत्यनाथ, महायोगी अचल अचंबेनाथ, महायोगी गजकंथडनाथ एवं महायोगी चौरंगीनाथ इकाई के द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रार्थना सभा में स्वच्छता के प्रति शपथ ग्रहण कराया गया। जिसमें महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर माँ भारती को आजाद कराया। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। स्वच्छता के लिए सभी ने शपथ लिया कि–"मैं शपथ लेता हूं कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा। मैं न गंदगी करूंगा न किसी और को करने दूंगा। सबसे पहले मैं स्वयं से मेरे परिवार से मेरे मुहल्ले से मेरे गांव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरुआत करूंगा। मैं यह मानता हूं कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ मैं गांव–गांव और गली–गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा। मैं आज जो शपथ ले रहा हूं, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊंगा। वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करूंगा। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।"

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अमृता ए सुश्री सुप्रिया गुप्ता, नर्सिंग व पैरामेडिकल के शिक्षकगणों ने विशेष भूमिका निभाई।

## छात्र संसद : शपथ ग्रहण

## महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर




छात्र संसद चुनाव में विजयी प्रतिनिधियों को शपथ ग्रहण कराते माननीय कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल बाजपेई जी।

दिनांकः 30 सितम्बर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में नव–गठित प्रथम छात्र–संसद 2023–24 का शपथ–ग्रहण समारोह बहुत ही सादगी से संपन्न हुआ। जैसा की इस छात्र–संसद का उद्देश्य एक ऐसी प्रणाली को विकसित करना है जिसमे छात्र पठन–पठान के साथ अपना सर्वांगीण विकास करते हुये समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें और स्वयं को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में स्थापित करे।

विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति मेजर जनरल (डॉ) अतुल बाजपेई जी ने समस्त निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करवाया और उन्होंने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में प्रतिनिधियों से अपने सम्पूर्ण सृजनात्मक क्षमताओं की पहचान कर उन्हें समाज और राष्ट्रहित में उपयोग के लिए प्रेरित किया साथ ही साथ विश्वविद्यालय परिसर में शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन, लोकतान्त्रिक मूल्यों के संवर्धन एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली के प्रचालन में उनसे सहयोग की अपेक्षा की। इस समारोह में विश्वविद्यालय के प्राचार्य व अधिष्ठाता उपस्थित रहें। संचालन मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विमल कुमार दूबे ने किया।

# अक्टूबर माह की प्रस्तावित कार्ययोजनाएं

## विश्वविद्यालय

| | |
|---|---|
| 01 अक्टूबर, 2023 | राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस, भारतीय संस्कृति एवं गो–सेवा (स्वैच्छिक श्रमदान) |
| 02 से 03 अक्टूबर, 2023 | ब्रम्हलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की 9वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह |
| 04 अक्टूबर, 2023 | नवीन सत्र प्रारम्भ (फार्मेसी) |
| 22 अक्टूबर, 2023 | कार्य परिषद की बैठक |

## विभागीय आयोजन

### गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस

| | |
|---|---|
| 02 अक्टूबर, 2023 | गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती कार्यक्रम |
| 02 अक्टूबर, 2023 | युगपुरूष महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं ब्रम्हलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह |
| 04 से 20 अक्टूबर, 2023 | दीक्षा पाठ्यचर्या (वाग्भट्ट बैच–2023–24) |
| 13 से 14 अक्टूबर, 2023 | शैक्षणिक भ्रमण (सुश्रुत बैच–2022–23) |
| 20 से 21 अक्टूबर, 2023 | शैक्षणिक भ्रमण (वाग्भट्ट बैच–2023–24) |

### सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय

| | |
|---|---|
| 02 अक्टूबर, 2023 | गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती कार्यक्रम |
| 09 से 16 अक्टूबर, 2023 | द्वितीय आंतरिक परीक्षा |

### कृषि संकाय

| | |
|---|---|
| 02 अक्टूबर, 2023 | गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती कार्यक्रम |
| 09 से 14 अक्टूबर, 2023 | प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की प्रथम आंतरिक परीक्षा |
| 27, 28 अक्टूबर, 2023 | शैक्षणिक भ्रमण (तृतीय सेमेस्टर) |
| 29 अक्टूबर, 2023 | प्रस्तावित – अतिथि व्याख्यान (प्रो. अजय कुमार शुक्ला) |

### महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज

| | |
|---|---|
| 02 अक्टूबर, 2023 | गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती कार्यक्रम |

# अक्टूबर माह की प्रस्तावित कार्ययोजनाएं

## गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग

| | |
|---|---|
| 01 अक्टूबर, 2023 | भारतीय संस्कृति एवं गो–सेवा |
| 02 अक्टूबर, 2023 | युगपुरूष महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं ब्रम्हलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह |
| 06 अक्टूबर, 2023 | वर्ल्ड सेरीब्रल पॉल्सी डे |
| 10 अक्टूबर, 2023 | वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे |
| 12 अक्टूबर, 2023 | वर्ल्ड अर्थरिट्स डे |
| 13 अक्टूबर, 2023 | इंटरनेशनल डे फॉर नेचुरल डिजास्टर रिड्यूक्शन |
| 24 अक्टूबर, 2023 | वर्ल्ड पोलियो डे |

## राष्ट्रीय सेवा योजना

| | |
|---|---|
| 02 अक्टूबर, 2023 | गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती कार्यक्रम |
| 09 अक्टूबर, 2023 | राष्ट्रीय पोषण सप्ताह / राष्ट्रीय नैनो टेक्नोलॉजी दिवस |
| 10 अक्टूबर, 2023 | विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस |
| 12 अक्टूबर, 2023 | विश्व गठिया दिवस |
| 15 अक्टूबर, 2023 | महिला किसान दिवस / वैश्विक हाथ धुलाई दिवस |
| 16 अक्टूबर, 2023 | विश्व खाद्य दिवस |
| 20 अक्टूबर, 2023 | विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस |
| 24 अक्टूबर, 2023 | यातायात नियंत्रण दिवस / विश्व पोलिया दिवस |
| 29 अक्टूबर, 2023 | विश्व स्ट्रोक दिवस |
| 31 अक्टूबर, 2023 | राष्ट्रीय एकता दिवस |

## सितम्बर माह की प्रमुख बैठकें

| | |
|---|---|
| 02 सितम्बर, 2023 | छात्र संसद चुनाव कराए जाने पर विचार–विमर्श |
| 05 सितम्बर, 2023 | बी.फार्मा एवं डी.फार्मा में प्रवेश परीक्षा की कार्यवाही किए जाने के संबंध में बैठक |
| 11 सितम्बर, 2023 | आयुर्वेद कॉलेज के सभा कक्ष में नवग्रह वन आदि पर विचार–विमर्श |
| 12 सितम्बर, 2023 | आयुर्वेद कॉलेज के सभा कक्ष में नैक की तैयारी पर स्टीयरिंग समिति की बैठक |
| 13 सितम्बर, 2023 | आयुर्वेद कॉलेज के पत्र दिनांक : 11.09.2023 पर निर्णय लिए जाने हेतु बैठक |
| 14 सितम्बर, 2023 | योगी राज बाबा गंभीरनाथ अतिथिगृह की सभा कक्ष में आई.टी. सेल की बैठक |
| 15 सितम्बर, 2023 | फैकल्टी ऑफ फार्मास्यिुटिकल साइंसेस की रिक्त सहायक आचार्य एवं सहआचार्यों के पदों पर नियुक्ति हेतु बैठक |
| 17 सितम्बर, 2023 | नर्सिंग कॉलेज के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु बैठक |
| 20 सितम्बर, 2023 | सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के रिक्त सहायक आचार्य एवं सहआचार्यों के पदों पर नियुक्ति हेतु बैठक |
| 20 सितम्बर, 2023 | सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय की समय–सारणी एवं पठन–पाठन विचार हेतु बैठक |
| 26 सितम्बर, 2023 | नैक की तैयारी एवं आगामी योजना पर विचार–विमर्श किए जाने हेतु बैठक |
| 26 सितम्बर, 2023 | महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़ की नैक की तैयारी आगामी कार्ययोजना पर बैठक |
| 27 सितम्बर, 2023 | फैकल्टी ऑफ फार्मास्यिुटिकल साइंसेस की प्रगति एवं आगामी योजना पर विचार–विमर्श |
| 28 सितम्बर, 2023 | राष्ट्रीय शिक्षानीति–2020 एवं नैक तैयारी की प्रगति एवं समीक्षा बैठक |

# सितम्बर माह के प्रमुख आयोजन

| | |
|---|---|
| 15 सितम्बर, 2023 | महायोगी गोरखनाथ विश्वविधालय में एनसीसी कैडेट्स के प्रथम वर्ष में चयन हेतु अंतिम चरण कि भर्ती प्रकिया 102 यूपी बटालियन एनसीसी गोरखपुर के द्वारा संपन्न हुई। जिसमें शारीरिक दक्षता तथा लिखित परीक्षा कराई गई। इस भर्ती प्रक्रिया में छात्रों के लिए 800 मीटर तथा छात्राओं के लिए 400 मीटर दौड़ कराई गई एवं 50 नंबर का एक लिखित टेस्ट हुआ जिसमें 36 एनसीसी कैडेट्स क्वालीफाई किये जायेंगे। एनसीसी कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया एनसीसी ऑफिसर डॉ. हरी कृष्ण के देखरेख में संपन्न हुई। |





विश्वविधालय में एनसीसी कैडेट्स के प्रथम वर्ष में चयन हेतु अंतिम चरण कि भर्ती प्रकिया में प्रतिभाग करते विश्वविद्यालय के विद्यार्थी।

# निर्माणाधीन परिसर









# विशेषज्ञों ने नैक मूल्यांकन को लेकर किया मंथन

**गोरखपुर (एसएनबी)।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में कुलपति मेजर जनरल डा. अतुल वाजपेयी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा नैक तैयारी की प्रगति एवं समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विशेषज्ञ के रूप में पूर्व अध्यक्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग व पूर्व अध्यक्ष नैक नई दिल्ली प्रो. धीरेन्द्र पाल सिंह ने अपने सम्बोधन में नैक हेतु निर्धारित सभी मापदंडों को पूरा करने, विश्वविद्यालय में अधिक से अधिक सेमीनार, कांफ्रेंस आयोजित कराये जाने तथा शिक्षकों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में शोध पत्र प्रकाशित किए जाने पर बल दिया। साथ ही साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की गाइड लाइन के अनुसार तैयारी करने तथा इन्क्यूबेशन एवं इन्नोवेशन सेंटर की स्थापना करने और इंडियन नालेज सिस्टम पर पाठ्यक्रम चलाये जाने पर जोर दिया जाए।

**महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा नैक तैयारी की प्रगति एवं समीक्षा को लेकर हुई बैठक**

**यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष एवं भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक भी रहे उपस्थित**

प्रो. सुनील कुमार समन्वयक नैक स्टीयरिंग समिति द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों एवं शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव श्रीकान्त के मुताबिक स्थापना के समय वर्ष 2021 में 15 पाठ्यक्रमों के साथ संचालन प्रारम्भ हुआ और वर्ष 2023 में कुल 21 पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। बैठक के दौरान प्रो. राजेश सिंह तथा प्रो. बिजेंद्र सिंह ने अपने विश्वविद्यालय के नैक मूल्यांकन हेतु किए गए प्रयासों को साझा किया तथा यह सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय अभी आनलाइन व आफलाइन डाक्यूमेंटेशन शुरू कर दे तो निश्चय ही नैक की अर्हता पूरी करने के समय नैक मूल्यांकन के समय सफलता मिलेगी। डा. जीएन सिंह पूर्व औषधि महानियंत्रक भारत सरकार, प्रो. बिजेंद्र सिंह कुलपति नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या, प्रो. राजेश सिंह पूर्व कुलपति दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्विद्यालय गोरखपुर, आशीष श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक अन्तरराष्ट्रीय चावल शोध संस्थान वाराणसी, विश्वविद्यालय की नैक स्टीयरिंग समिति के समस्त पदाधिकारी, समस्त प्राचार्य व अधिष्ठाता, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. प्रदीप कुमार राव, प्रो. सुनील कुमार, डा. मंजूनाथ एनएस, श्रीमती प्रिंसी, डा. गोपीकृष्ण, डा. विमल कुमार दूबे, डा. शशिकांत सिंह, डा. सुमित कुमार एम, रोहित कुमार श्रीवास्तव, डा. अनुपमा ओझा, डा. शिवम कुमार प्रजापति, डा.आयुष कुमार पाठक, श्वेता अलवर्ट सहित एमपी पीजी कालेज के उप प्राचार्य डा. विजय कुमार चौधरी एवं डा. अभिषेक वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# महायोगी गोरखनाथ विवि ने स्थापित किए नए मानक

गोरखपुर। स्थापना के मात्र दो साल में उपलब्धियों की लंबी फेहरिस्त वाले महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम गोरखपुर ने बुधवार को छात्र सहभागिता को आगे बढ़ाने के क्षेत्र में नया मानक स्थापित कर दिया। ऐसे दौर में जब अन्य विश्वविद्यालयों में छात्र संघ के चुनाव ऊहापोह की स्थिति में हैं, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय ने छात्र संसद का नया व अभिनव मॉडल देकर छात्र पदाधिकारियों का चुनाव कराया है। खास बात यह कि चुनाव प्रक्रिया महज तीन दिन में पूरी की गई वह भी कक्षाओं के संचलन में बिना किसी रुकावट के। चुनाव के मुख्य दिन, बुधवार को भी 3 बजे तक कक्षाएं चलती रहीं और इसके बाद अगले दो घण्टे (पांच बजे तक) ऑनलाइन मतदान हुआ और मतदान के कुछ ही मिनटों के बाद परिणाम घोषित कर दिया गया। यूपी में छात्र संसद के रूप में और ऑनलाइन मतदान से चुनाव कराने वाला पहला यह विश्वविद्यालय है। कुल 57 प्रतिशत हुए मतदान के बाद जारी परिणाम के मुताबिक , अशोक कुमार चौधरी उपाध्यक्ष, संजना शर्मा महामंत्री व सुधा सिंह को पुस्तकालय मंत्री चुना गया। अध्यक्ष के पद पर कांटे की टक्कर रही और जीत का फासला महज चार मतों का रहा। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में बनाए गए छात्र संसद के संविधान के अनुसार छात्र संसद के सांगठनिक स्वरूप में विश्वविद्यालय के कुलपति पदेन मुख्य संरक्षक, अधिष्ठाता छात्र कल्याण निदेशक व कुलसचिव बतौर सदस्य सचिव होंगे। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, पुस्तकालय मंत्री व कार्यकारिणी सदस्य के निर्वाचन का प्रावधान है। निर्वाचन वाले इन पदों पर चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार का सबसे पहले कक्षा प्रतिनिधि के पद पर निर्वाचित होना अनिवार्य है। इसके साथ ही प्रत्याशी के लिए अधिकतम उम्र सीमा 25


रंजीत शर्मा अध्यक्ष


अशोक कुमार चौधरी उपाध्यक्ष


संजना शर्मा जनरल सिक्रेटरी


सुधा सिंह पुस्तकालय मंत्री

वर्ष व पूर्व की परीक्षाओं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

छात्र संसद के संविधान की व्यवस्थाओं के अनुसार चुनाव प्रक्रिया 4 सितंबर से शुरु हुई। इस तिथि को कक्षा प्रतिनिधि का चुनाव हुआ। कुल 34 कक्षा प्रतिनिधि चुने गए। इन्हीं निर्वाचित कक्षा प्रतिनिधियों में से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, पुस्तकालय मंत्री के पदों पर दावेदारी की गई। 5 सितंबर को क्वालिफाइंग स्पीच में प्रत्याशियों ने छात्रों के समक्ष अपनी प्राथमिकताएं गिनाई। 6 सितंबर को कक्षाओं के समाप्त होने के बाद अपराह्न3 बजे से शाम 5 बजे तक, दो घण्टे ऑनलाइन मतदान कराया गया। खास बात यह भी कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान एक दिन भी कोई क्लास बाधित नहीं हुआ।

चुनाव परिणाम की जानकारी देते हुए चुनाव अधिकारी ने बताया कि तय समय सीमा में कुल 57 प्रतिशत मतदान हुआ। अध्यक्ष पद पर रंजीत शर्मा 213 मत प्राप्त कर निर्वाचित हुए जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिवम पांडेय को 209 मत मिले। अन्य प्रत्याशियों में कामिनी चौरसिया को 140, शिवांगी मिश्रा को 140, अर्पिता चौधरी को 104 वोट मिले। इस पद पर 104 मतदाताओं ने नोटा विकल्प का चयन किया। उपाध्यक्ष पद पर 298 वोट हासिल कर अशोक कुमार चौधरी निर्वाचित हुए जबकि दूसरे स्थान पर नर्गिस जहां को 245 मत मिले। इस पद के तीसरे उम्मीदवार विंध्यवासिनी गुप्ता को 216 मतों से संतोष करना पड़ा। उपाध्यक्ष महोदय पर 151 वोटरों ने नोटा का विकल्प चुना। महामंत्री पद पर संजना शर्मा 295 मत प्राप्त कर विजयी हुईं। निकटतम प्रतिद्वंद्वी नवीन कुमार पर्वत को 246 मत मिले। जबकि अन्य प्रत्याशियों में विष्णु अग्रहरि को 192 तथा अनिकेत मल्ल को 89 वोट हासिल हुए। इस पद पर 88 मतदाताओं की पसंद नोटा के नाम रही। पुस्तकालय मंत्री पर दो ही उम्मीदवार आमने सामने रहे। 384 वोट हासिल कर सुधा सिंह ने अंजलि तिवारी (339 वोट) को पराजित किया। इस पद पर 187 वोटरों ने नोटा का विकल्प चुना। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी व कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने छात्र संसद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि यह छात्र संसद पूरे देश के सामने विश्वविद्यालय संचालन में छात्र सहभागिता की मिसाल कायम करेगी।

# समग्र सामाजिक विकास के लिए साक्षरता अपरिहार्य

**व्याख्यान**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) में राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ इकाई के तत्वावधान में साक्षरता मिशन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जशोबन्त डनसना ने कहा कि 8 सितम्बर 1966 को पहली बार विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न समुदायों एवं व्यक्तियों को साक्षरता के महत्व के बारे में बताना है। उन्होंने कहा कि समग्र सामाजिक विकास के लिए हर व्यक्ति का साक्षर व शिक्षित होना अपरिहार्य है। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना कर किया। संचालन आचार्य साध्वीनन्दन पाण्डेय व आभार ज्ञापन डॉ अनामिका अरजरिया ने किया।

# बीएएमएस की सभी सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी हुई

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) में बीएएमएस सत्र 2023-24 के लिए प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो गई है। नीट उतीर्ण करके आयुष कॉउंसलिंग मे प्रतिभाग करके आये विद्यार्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं प्रवेश शुक्रवार को संपन्न हुआ।

आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ मंजूनाथ एनएस ने बताया कि गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की सभी 100 सीटें आयुष कॉउंसलिंग के प्रथम चरण मे ही आवंटित हो गई थीं। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं प्रवेश की प्रक्रिया 18 सितंबर से ही प्रारंभ हो गयी थी। आज वेरिफिकेशन का अंतिम दिन था। शुक्रवार सायं पांच बजे तक यूपी कॉउंसलिंग के पोर्टल पर प्रवेश लिए विद्यार्थियों की जानकारी उपलब्ध करा दी गई है। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी के नेतृत्व में प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ सुचारू रूप से संपन्न करायी गयी।

# विश्व ओजोन दिवस पर व्याख्यान एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन

**संवाददाता**

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में शनिवार को विश्व ओजोन दिवस एव स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत व्याख्यान एवं परिसर में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में कृषि संकाय के डॉ. हरि कृष्ण ने गाजर घास के दुष्प्रभाव की जानकारी देते हुए बताया कि यह वातावरण, मनुष्य व पशुओं के लिए नुकसानदेह है। उन्होंने इससे बचने और इसके नियंत्रण की विधियों का भी सविस्तार वर्णन किया। व्याख्यान की थीम पर ही विश्वविद्यालय परिसर को गाजर घास मुक्त एवं स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता अभियान चलकर सफाई की गई। स्वच्छता अभियान का नेतृत्व कृषि विज्ञान एवं संबद्ध उद्योग संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दूबे ने की। आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के महायोगी आदिनाथ इकाई के प्रभारी डॉ विकास कुमार यादव, कृषि संकाय के समस्त शिक्षकों व स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता रही।



# महायोगी गोरखनाथ विवि में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



भास्कर ब्यूरो

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम के विभिन्न संकायों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और स्वैच्छिक श्रमदान के बीच शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया।

विश्वविद्यालय के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की मत्स्येंद्रनाथ इकाई के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक दिवस समारोह का शुभारंभ आयुर्वेद कॉलेज के अकादमिक इंचार्ज डॉ. नवीन एवं समस्त वरिष्ठ शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए डॉ. नवीन ने कहा कि शिक्षक दिवस देश के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर मनाया जाता है। शिक्षक दिवस शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत आने वाला दिवस वह दिन है जब हम अपने शिक्षकों, मार्गदर्शकों को स्मरण करते उन्हें सम्मान अर्पित कर सकें। कार्यक्रम मे आयुर्वेद के छात्रों एवं छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

आयुर्वेद कॉलेज में कार्यक्रम के अगले सत्र में पिछले सात दिनों से चल रहे संस्कृत सप्ताह का समापन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। संस्कृत सप्ताह के कार्यक्रमों का संयोजन सह आचार्य साध्वीनंदन पांडेय ने किया। समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी विद्यार्थियों को डॉ. नवीन ने पुरस्कृत किया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की आदिनाथ इकाई के तत्वावधान में कृषि विज्ञान एवं संबद्ध उद्योग संकाय के डॉ. विकास कुमार यादव की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय परिसर मे ₹स्वैच्छिक श्रमदान₹ अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय के वातावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए प्रांगण में साफ– सफाई की।

# नैक मूल्यांकन के मानकों की कुलपति ने की समीक्षा

**महायोगी गोरखनाथ विवि में स्टीयरिंग कमेटी की बैठक**



गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम गोरखपुर में मंगलवार को कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी की अध्यक्षता में नैक मूल्यांकन हेतु गठित स्टीयरिंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आइक्यूएसी) तथा नैक मूल्यांकन से सम्बन्धित विश्वविद्यालय स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान कुलपति ने नैक मूल्यांकन हेतु निर्धारित मानकों की समीक्षा की तथा भविष्य के लिए मानकों के अनुसार डाटा प्रोसेसिंग एवं डाटा कैप्चरिंग सुचारू रूप से किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर सुनील कुमार ने आनलाइन प्रजेंटेशन से भविष्य की तैयारी से संबंधित रुपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में समस्त प्रधानाचार्य, अधिष्ठाता, स्टीयरिंग समिति के सदस्यगण सहित उप कुलसचिव प्रशासन एवं शैक्षणिक उपस्थित रहे।

# छात्राओं ने किया कुकिंग डिमांस्ट्रेशन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की तरफ से बुधवार को खत्रीपुरा गांव में कुकिंग डिमांस्ट्रेशन का आयोजन किया गया। इसमें जीएनएम और बीएससी की छात्राओं ने समक्ष पोषणयुक्त भोजन बनाने और तैयार भोजन के पोषक तत्वों की जानकारी दी।

नर्सिंग छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के संतुलित आहार बनाए और उसमें मिलने वाले आयरन, प्रोटीन, कैल्शियम, फाइबर आदि के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया। साथ ही उन्हें यह समझाया गया कि स्वस्थ रहने के लिए संतुलित भोजन करना बहुत जरूरी है। गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. डीएस अजीथा के निर्देशन में आयोजित कुकिंग डिमांस्ट्रेशन में पीआर लीगो, शिंसी, संगीता, सोनी आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

# नर्सिंग छात्राओं ने गांव में चलाया स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

गोरखपुर,२० सितंबर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु श्री गोरखनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने बुधवार को खत्रीपुरा गांव में जन स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान नर्सिंग छात्राओं ने कई विषयों जैसे कृमि संक्रमण, पर्यावरण स्वच्छता तथा हाथ की स्वच्छता का दृश्य प्रदर्शन करके गांव के स्कूली बच्चों को जागरूक किया गया। इसी क्रम में चार्ट पेपर के द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा देते हुए ग्लोबल वार्मिंग, संक्रमण वाले बीमारियों के रोकथाम तथा विभिन्न प्रकार के भोजय पदार्थ के विषयों में बताया गया। कार्यक्रम के अंत में नर्सिंग छात्राओं द्वारा स्कूल के सभी विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को जलपान दिया गया। यह कार्यक्रम अनामिका जायसवाल, आरोही श्रीवास्तव तथा अक्षय एडवर्ड की देखरेख में हुआ और इसमें बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष की 61 छात्राओं की भागीदारी रही।



# विवि में विशेषज्ञों ने नैक मूल्यांकन को लेकर किया मंथन



गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा नैक तैयारी की प्रगति एवं समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विशेषज्ञ के रूप में प्रो. धीरेन्द्र पालसिंह पूर्व अध्यक्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग व पूर्व अध्यक्ष नैक नई दिल्ली ने अपने संबोधन में नैक हेतु निर्धारित सभी मापदंडों को पूरा करने, विश्वविद्यालय में अधिक से अधिक सेमीनार/कांफ्रेंस आयोजित कराये जाने तथा शिक्षकों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में शोध पत्र प्रकाशित किए जाने पर बल दिया। साथ ही साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की गाइड लाइन के अनुसार तैयारी करने तथा इन्क्यूबेशन एवं इन्नोवेशन सेंटर की स्थापना करने और इंडियन नॉलेज सिस्टम पर पाठ्यक्रम चलाये जाने पर जोर दिया जाए। इस दौरान प्रो. सुनील कुमार समन्वयक नैक स्टीयरिंग समिति द्वारा विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों एवं शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। इसके अलावा बैठक में विशेषज्ञ के रूप में डॉ. जी. एन. सिंह पूर्व औषधि महानियंत्रक भारत सरकार, प्रो. बिजेंद्र सिंह कुलपति नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या, प्रो. राजेश सिंह पूर्व कुलपति दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्विद्यालय गोरखपुर, आशीष श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक अन्तर्राष्ट्रीय चावल शोध संस्थान वाराणसी, विश्वविद्यालय की नैक स्टीयरिंग समिति के समस्त पदाधिकारी, समस्त प्राचार्य/अधिष्ठाता, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव, प्रो सुनील कुमार, डॉ मंजूनाथ एनएस, श्रीमती प्रिंसी जी, डॉ गोपीकृष्ण, डॉ विमल कुमार दूबे, डॉ शशिकांत सिंह, डॉ सुमित कुमार एम, श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव, डॉ अनुपमा ओझा, डॉ शिवम कुमार प्रजापति, डॉ आयुष कुमार पाठक, सुश्री श्वेता अलवर्ट सहित एमपीपीजी कालेज के उप प्राचार्य डॉ विजय कुमार चौधरी एवं डॉ अभिषेक वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर

















**सम्पादक**
प्रभा शर्मा

**संपादक मण्डल**

डॉ. प्रज्ञा सिंह, डॉ. अनुपमा ओझा, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. अखिलेश कुमार दूबे, अनामिका जायसवाल

**ग्राफिक्स डिजाइनर:** शारदानन्द पाण्डेय

+91-9415266014, +91-9935904499, +91-9794299451
mguniversitygkp@mgug.ac.in https://www.mgug.ac.in/ Arogya Dham, Balapar Road, Sonbarsa, Gorakhpur